1.88 लाख की साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

राजस्थान से जुड़ा नेटवर्क, कुठला पुलिस की जांच से पकड़े गए नटवरलाल, बैंक खातों व यूपीआई से की थी ठगी

कटनी, देशबन्धु। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में कटनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कुठला थाना पुलिस ने 1 लाख 88 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार कछंगवा निवासी अंकित राय ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुड़वारा शाखा के खाते से उसकी जानकारी और अनुमति के बिना यूपीआई के माध्यम से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 90 हजार और 98 हजार रुपये, कुल 1.88 लाख रुपये अज्ञात खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। बैंक से जानकारी लेने पर साइबर ठगी की पुष्टि होने पर कुठला थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक ट्रांजेक्शन, यूपीआई आईडी, मोबाइल नंबर और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। लगातार तकनीकी पड़ताल के बाद पुलिस ने राजस्थान के कोटा जिले के सांगोद थाना क्षेत्र के रोलाना गांव निवासी कुलदीप सिंह सोलंकी (22) तथा सवाई माधोपुर जिले के नीलम खुर्द निवासी शुभम मीणा उर्फ सानू (27) की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

अंजानी लिंक पर भूलकर भी क्लिक न करें

कटनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम नंबर या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी लालच या बहकावे में आकर अपना बैंक खाता, एटीएम अथवा बैंक से जुड़े दस्तावेज किसी को न दें। यदि साइबर धोखाधड़ी का शिकार हों तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं या पोर्टल अथवा निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर राशि सुरक्षित कराई जा सके। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, आरक्षक पुष्पेंद्र त्रिपाठी, बुद्धू कुमार तथा साइबर सेल कटनी के अमित श्रीपाल, सतेंद्र सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस का प्रशिक्षण प्रारंभ

कटनी, देशबन्धु। कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस, एवं शहर कांग्रेस के सभी ब्लाक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ 5 अगस्त बुधवार को शहर के एक निजी संस्थान में शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हर विषय के प्रवक्ता के व्यवस्था की गई है, साथ ही प्रशिक्षण शिविर में मंडलम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके लिए प्रशिक्षण रखा गया है। अन्य लोगों का प्रशिक्षण अलग से रखा जाएगा है, प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित समय के साथ ठीक 11 बजे शुरू कर दिया गया था। इसके पश्चात प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ देश के महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ प्रशिक्षण के प्रभारी पूर्व सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी मनु मिश्रा विधानसभा प्रभारी बीरेंद्र चौबे, जिला संगठन महामंत्री जितेन्द्र सिंह, प्रेम बत्रा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह बघेल की उपस्थित रहे। इसके पश्चात ठीक 11 बजे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया था?। प्रशिक्षक महेंद्र जोशी,प्रमिल मित्रा,राहुल राज, आंनद जाट द्वारा ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों को विस्तार से पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया। गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल होंगे।

सार-समाचार

उमरियापान में धूमधाम से मनाया जाएगा नागपंचमी पर्व

उमरियापान, देशबन्धु। नागपंचमी पर्व अगामी 17 अगस्त को उमरियापान में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी चौरसिया नवयुवक मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में गत दिवस बैठक कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। समाज के अध्यक्ष आशीष चौरसिया (मासाब) ने बताया कि नागपंचमी पर्व पर चौरसिया समाज द्वारा परंपरानुसार चिहूटिया महाराज, मनिया देव का विशेष पूजन किया जाता है। नागपंचमी पर्व को चौरसिया दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पर्व पर चौरसिया बंधु सुबह अपने पान बरेजों में जाकर नागबेल की पूजा कर दूध आदि अर्पण करने के बाद शाम को ढीमरखेडा रोड पर नहर के समीप चिहूटिया महाराज के चबूतरे पर एकत्रित होंगे। जहां विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा। इसके पहले चौरसिया नवयुवक मंडल के तत्वाधान में सुबह 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम एवं शाम 4 बजे मंगल भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा का समापन चिहूटिया महाराज के चबूतरे में होगा। गौरतलब है चौरसिया परिवार के पूर्वजों के समय से चिहूटिया महाराज, मनियादेव की पूजा चली आ रही है। इस पूजा को बुंदेलखंड के पराक्रमी शूरवीर आल्हा ऊदल के परिवार जोडते हुए बताते हैं कि मनियादेव चिहूटिया महाराज की पूजा आल्हा ऊदल के परिवार में होती थी।

जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन अंतिम तिथि 7 अगस्त

कटनी, देशबन्धु। नवोदय विद्यालय समिति के अंतर्गत संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट जाकर अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। चयन परीक्षा में वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हों, जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सहित) के बीच हो। साथ ही अभ्यर्थी कटनी जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा जिस विद्यालय में वह अध्ययनरत है, वह भी कटनी जिले में स्थित होना आवश्यक है।

इएचआरएमएस पोर्टल पर लोक सेवकों के सेवा अभिलेख अपलोड करने तकनीकी सहायता हेतु दल गठित

कटनी, देशबन्धु। इएचआरएमएस पोर्टल पर खंड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी एवं अन्य लोक सेवकों के सेवा अभिलेख पोर्टल पर दर्ज करने हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सुश्री कौर ने पोर्टल एंट्री पर किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के निदान हेतु जिला स्तर पर तीन सदस्यीय दल गठित किया है। दल के सर्व श्री राजेश श्रीवास्तव प्रशिक्षक-ई गवर्नेंस कटनी, मोहम्मद आरिफ डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सुश्री सीमा बिरहा से संपर्क कर तकनीकी समस्या का निदान किया जा सकेगा। गौर तलब है कि पंचायत राज्य संचालनालय से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में पूर्व में जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर जनपद पंचायतों के स्थापना प्रभारी एवं संबंधित लिपिक को विस्तार से जानकारी दी जाकर अवगत कराया गया था।

जिले में अब तक 373.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कटनी, देशबन्धु। जिले में 1 जून से 5 अगस्त तक कुल 373.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 973.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 681.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 373.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 542.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 234.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 217.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 271.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 337.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 681.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 320.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

पहले पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप, फिर वापस ले लिए गए

कटनी, देशबन्धु। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झिंदारी पुलिस चौकी के प्रभारी राजेश दुबे और वहां पदस्थ पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने, घर से नकदी, जेवरात ले जाने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा से मामले की शिकायत करने के बाद अब शिकायतकर्ता ही पलट गया है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता याम करहियाकला निवासी आशीष कुमार रजक ने एसपी को दी गई शिकायत वापस लेते हुए कोई कार्यवाई नहीं होने की बात कही है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत से क्यों मुकर गया, इसको लेकर भी कई तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। सूबे का कहना है कि झिंझरी पुलिस के दबाव में शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत वापस ली है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

मामले की जांच कराने का भरोसा दिला रहे पुलिस अधिकारी

उपर दूसरी तरफ जब इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा से बात की गई तो उनका कहना है उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जांच डीएसपी अजाक से कराई जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। शिकयत वापस लेने के सकल पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आजकल शिकायत वापस लेने का प्रचलन हो गया है। पहले लोग शिकायत कर देते हैं और फिर वापस ले लेते हैं। इसकी भी जांच कराई जाएगी कि आखिर शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत क्यों वापस ली है। जानकारी के मुताबिक ग्राम करहियाकला निवासी आशीष कुमार रजक ने एसपी को दी गई शिकायत में झिरी चौकी प्रभारी एएसआई राजेश दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया था। शिकायत में कहा गया था कि झिंझरी चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों ने पहले उनके साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार किया, इसके बाद उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कर पुलिसकर्मी आसके पर पहुंचे और तलाशी ली। जांच के बहाने पुलिसकर्मी घर में रखे जेवरात और 50 हजार रुपए नगद ले गए। उसका मोबाइल फोन भी चोरी का कहकर जब्त कर लिया गया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने मामले की जांच डीएसपी शिवा पाठक को सौंपी थी।

इनका कहना है

मामले की जांच कराई जा रही है

मामले की जांच कराई जा रही है। यह बात सही है कि शिकायतकती के पास से चाकू बरामद हुआ था, जो कि उसने ऑनलाइन मंगाया था। इसका पूरा रिकॉर्ड पुलिस के पास है। युवक ने पहले आरोप लगाए और अब मुकर गया, इसकी भी जांच कराई जाएगी।

- अभिनय विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक

निगमायुक्त के निर्देश पर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित

कटनी, देशबन्धु। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार मंगलवार, 4 अगस्त को सायं 5.30 बजे नगर निगम के राजस्व विभाग में राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक सहित विभाग के संबंधित लिपिक उपस्थित रहे। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में शत-प्रतिशत कर बिलों का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा बड़े बकायेदारों से व्यक्तिगत संपर्क कर लोक अदालत के माध्यम से राजस्व जमा कराने की प्रभावी कार्यवाही की जाए। समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली की रसीद जारी कर दैनिक प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही ऐसे भवन, जिनका उपयोग आवासीय से व्यावसायिक हो गया है अथवा जिन खाली भूखंडों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका सर्वे कर संबंधित एआरआई द्वारा अभिलेखों में आवश्यक संशोधन तत्काल कराया जाए, जिससे वास्तविक कर निर्धारण एवं राजस्व वसूली में वृद्धि हो सके। अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के अंत में राजस्व अधिकारी ने कहा कि निगमायुक्त की मंशा के अनुरूप राजस्व संग्रहण में अपेक्षित वृद्धि, अभिलेखों का अद्यतन संधारण तथा नागरिकों के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

कटनी, देशबन्धु। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न रोजगार एवं करियर अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा व्यक्तित्व विकास के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान कर उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को समय का सदुपयोग करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने कौशल का निरंतर विकास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उचित मार्गदर्शन, सतत परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री संजीव कुमार, स्किलवियन कंपनी से पधारे थे। उन्होंने छात्राओं को कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसरों, आवश्यक कौशल विकास, करियर नियोजन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि स्किलवियन के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण एवं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही इच्छुक छात्राओं को कंपनी से जुड़कर अपने करियर को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. रोशनी पाण्डेय, प्रकोष्ठ प्रभारी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

तीन महीने से प्यासा बस स्टैंड, बंद हैंडपंप ने बढ़ाई यात्रियों की मुश्किलें

बाकल, देशबन्धु। नगर के मुख्य बस स्टैंड पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा लगाया गया हैंडपंप पिछले तीन माह से बंद पड़ा है। नतीजतन प्रतिदिन आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को भीषण गर्मी और उमस के बीच पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आज तक हैंडपंप की सुध नहीं ली। बाकल बस स्टैंड क्षेत्र का प्रमुख यातायात केंद्र है, जहां आसपास के दर्जनों गांवों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। लेकिन यहां पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। हैंडपंप बंद होने से यात्री पानी की एक-एक बूंद के लिए आसपास की दुकानों और होटलों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई बार लोगों को पैसे देकर पानी खरीदना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि छह महीने से बंद पड़े हैंडपंप की जानकारी कई बार पीएचई विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते आज तक मरम्मत नहीं कराई गई। इससे अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र हैंडपंप की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बस स्टैंड पर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

सैकड़ों यात्रियों को रोज पेयजल संकट का सामना, शिकायतों के बावजूद नहीं जागा पीएचई विभाग

विभाग द्वारा ठेका समाप्त होने का बहाना

बाकल बस स्टैंड में हैंडपंप की शिकायत करने पर विभागीय अधिकारी ठेका समाप्त होने की बात कहते हुए .अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं स्थानीय लोगों से कहते नहीं थकते कि हमारा मिस्त्री जाता है लोग काम में हाथ नहीं बटाते बाकल बस स्टैंड में हैं हेन्ड पम्प बंद होने की जानकारी मिली है शीघ्र ही सुधार किया जाएगा

- अनिल चुमकुले
सव इंजीनियर पीएचई

कांग्रेस नेता पर प्राण घातक हमला, हालत गंभीर

बड़वारा के रोहनिया में वारदात, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

कटनी, देशबन्धु। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रोहनिया में एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। रोहनिया बस स्टैंड के पास हुई इस घटना में 26 वर्षीय राघवेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है। घटना के बाद बड़वारा पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम रोहनिया निवासी राघवेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय कुशाल सिंह मंगलवार, 4 अगस्त 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे बस स्टैंड के के समीप मौजूद थे। इसी दौरान गांव के ही रामकिशोर कचेर, प्रदीप कचेर और नंदनी कचेर द्वारा उन्हें रोककर गाली-गलौज किए जाने का आरोप है। बताया गया है कि विवाद बढने के बाद तीनों आरोपियों ने एक राय होकर राघवेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। शिकायत में हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला किए जाने तथा धारदार हथियार के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। हमले में राघवेंद्र सिंह को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। घायल की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 441/2026 दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में धारा 109 (1) बीएनएस (हत्या का प्रयास), धारा 296 बी क्रहस् (गाली-गलौज), धारा 3(5) बी एन एस (साझा मंशा/एक राय होकर अपराध) तथा एससी एसटी की धारा 3(1) (द), 3(2) (ध) एवं 3 (2) (4) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पुरानी रंजिश होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हमले की वास्तविक वजह और घटनाक्रम की विस्तृत स्थिति पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। बड़वारा पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। नामजद आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस घटना से जुड़े अन्य पहलुओं, प्रत्यक्षद?र्शियों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल घायल राघवेंद्र सिंह का उपचार जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।